तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 11 मई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

12 आंधी-बारिश के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण प्रभावित, शुरू नहीं हो सकी खरीदी






## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के भाई के साथ बाइक पहुंचाने जा रहे बाइक सवार को सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सोनहत अंतर्गत ग्राम अकलासरई निवासी दया शंकर आ. संतु सिंह (25 वर्ष) गत दिन ग्राम मुरमा बाइक को पहुंचाने जा रहा था जबकि दूसरे बाइक पत्नी का छोटा भाई आनंद भी साथ जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कोट कताल के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर मालिक सोना सिंह लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे दया शंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर दूसरे बाइक में आ रहे आनंद ने जीजा को गंभीर हालत में देख घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन घायल को पटना अस्पताल के बाद बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान दया शंकर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### 4.99 करोड़ से शुरू कराया गया था निर्माण

# प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए जारी हुए अतिरिक्त सवा दो करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे इंतजार के बाद नगर निगम प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु शासन से राशि स्वीकृत हो गई है। शासन द्वारा विद्युतकरण और सिविल कार्यों के लिए लगभग सवा करोड़ रूपए से अधिक की राशि जारी की गई है। अब इस राशि से नगर निगम के प्रशासनिक भवन का कार्य फिर से तेजी से होने की बात कही जा रही है लेकिन फिर भी निर्माण कार्यों को पूर्ण होने में छह महीने से अधिक का समय लगने की बात कही जा रही है।

**खास बात**
- राशि कम पड़ने से प्रभावित हो गया था निर्माण

बता दें कि नगर निगम की स्थापना के बाद से ननि के प्रशासनिक भवन का संचालन पानी टंकी के नीचे किया जा रहा है। इस बीच शहर का तेजी से विस्तार होने के साथ ही विभाग का कार्य भी बढ़ गया है और अब वर्षों पुरानी भवन निगम के कामकाज का संचालन करने के लिए कम पड़ रही है। ऐसे में नगर नगर निगम की पूर्व सरकार द्वारा वर्ष वर्ष 2019 में प्रशासनिक भवन के नए भवन के निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति ली गई थी लेकिन राशि मिलने के बाद भवन निर्माण हेतु स्थल चयन का फेंच फंसा रहा। ऐसे में स्वीकृति के बाद भी तत्कालीन सरकार प्रशासनिक भवन का काम शुरू नहीं करा पाई। अन्ततः नगर निगम द्वारा गौरव पथ किनारे ही प्रशासन भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया था और वर्ष स्थल चयन के बाद वर्ष 2023 में टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर 4 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। ठेकेदार द्वारा निर्धारित स्थल पर बेसमेंट पार्किंग के साथ दो मंजिला भवन का निर्माण कराया गया है। भवन के ढलाई के साथ ही लगभग 75 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है लेकिन इसके बाद विद्युतीकरण, सिविल वर्क के लिए राशि खत्म हो गई थी जिससे नगर निगम द्वारा शेष बचे कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। इस बीच प्रशासनिक भवन के रैम्प व अन्य छोटे छोटे कार्यों को कराया जा रहा था। ननि द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के बाद शासन से स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें 1.5 करोड़ रूपए सिविल वर्क और 86 लाख रूपए विद्युतीकरण के कार्यों के लिए शासन द्वार स्वीकृत की गई है। नगर निगम को शासन से राशि जारी कर दी गई है। ऐसे में अब उम्मीद है है कि नगर निगम के प्रशासनिक भवन का काम पूर्ण हो जाएगा।


निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन।

### 70 डिसमिल भूमि पर निर्माण

नगर निगम द्वारा गौरव पथ रोड किनारे प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए 70 डिसमिल भूमि आरक्षित की गई है। खास बात यह है कि भवन में पार्किंग की व्यवस्था बेसमेंट में होगी और इसके ऊपर ग्राउंड फ्लोर के साथ ही दो मंजिल होगी। इस भवन में एमआईसी सामान्य सभा के लिए विशाल सभाकक्ष का निर्माण कराया जा रहा है वहीं वीसी और अन्य विभागीय बैठकों के लिए भी एक कक्ष है। भवन में महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, एमआईसी सदस्यों, आयुक्त के लिए कमरे होंगे। वहीं विभागों के संचालन हेतु पार्टीशन के साथ केबिन का निर्माण किया जाएगा।

#### पानी टंकी के नीचे हो रहा था संचालन

नगर निगम का प्रशासनिक भवन वर्ष 2005 से पानी टंकी के नीचे तंग कमरों में संचालित हो रहा है। शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही ननि पर भी कार्य का भार बढ़ चुका है और अब पानी टंकी के नीचे संचालित भवन में कार्य करना मुश्किल हो गया है। भवन में नगर निगम में अधिकारी कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को बैठने व काम करने की जगह नहीं बची है। ऐसे में कुछ विभागों को डाटा सेंटर में स्थानांतरित कर वहीं से उनका संचालन किया जा रहा है।

#### जारी हो गई है राशि

प्रशासनिक भवन के शेष बचे निर्माण कार्यों के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन से 86 लाख रूपए विद्युतीकरण और लगभग डेढ़ करोड़ रूपए सिविल कार्य के लिए प्रदान किए गए है। राशि जारी होने के बाद निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाएगा।

**-डीएन कश्यप**, आयुक्त ननि

# करमपुर में दो मासूम बच्चियों को कार चालक ने रौंदा, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- दादी के संरक्षण में घर के बाहर ही खेल रही थीं दो मासूम बच्चियां




गर्मी और उमस से राहत पाने देर शाम घर के बाहर बैठे दो महिलाओं और उनके सामने खेल रहे दो मासूम बच्चियों को अनियंत्रित आर्टिगा कार ने रौंद दिया है । घटना में एक अन्य तीन वर्ष की बच्ची कुमारी लक्ष्मी पिता अक्षय कुमार व एक दो वर्ष आठ माह की बच्ची माही पिता सुखराम चेरवा की मौत हो गई। वही दो महिलाएं भी घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गईं जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

ग्रामीण अक्षय कुमार की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में आरोपी कार चालक रामजीत पिता रामदेव निवासी करमपुर के खिलाफ मोटर यान अधिनियम की धारा185 व बीएनएस की धारा 105, 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि करमपुर गांव के बरपारा मोहल्ले में शुक्रवार शाम गर्मी और उमस से राहत पाने अक्षय कुमार की मां दशमतिया व चचेरे भाई की पत्नी बृहस्पति अपने घर के बाहर बैठे थे वही दोनों मासूम लक्ष्मी और माही अपने दादी चाची के सामने खेल रहे थे ।तभी अचानक तेज व अनियंत्रित रफ्तार की आर्टिगा कार चालक ने घर के बाहर बैठे महिलाओं और मासूमों को अपनी चपेट में लेते हुए दीवार से टकराकर रुक गई ,घटना के तत्काल बाद मां दशमतिया व चचेरे भाई की पत्नी बृहस्पति ने बच्चियो को बिश्रामपुर अस्पताल लाया गया जहां दोनों मासूमों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

जबकि घटना में जख्मी दोनों महिलाओं को उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।आज दूसरे दिन पीएम पश्चात दोनों मासूमों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।घटना से करमपुर गांव में शोक व मातम का माहौल निर्मित है।पुलिस मामले में केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी कार चालक घटना के वक्त नशे में धुत था जिस कारण से घटना घटित हुई है।

# डीजे बॉक्स लेकर जा रहे दो ग्रामीणों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर- बनारस हाइवे पर ग्राम सोनवाही में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह ग्राम सोनवाही के पास हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने बताया कि गांव के दो ग्रामीण बालचंद चेरवा और बाबूलाल मोटरसाइकिल पर सवार होकर डीजे बॉक्स छोड़ने कृष्णा टेंट हाउस की ओर जा रहे थे।तभी सुबह लगभग 8 बजे बालचंद चेरवा के टीवीएस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीके 8834 से बाबूलाल को साथ लेकर संबलपुर चौक बनारस मुख्य मार्ग पर खड़े थे। उन्होंने जैसे ही टेंट हाउस की तरफ जाने के लिए मोड़ लिया, अंबिकापुर की दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीके 2864 के चालक ने तेज व लापरवाही वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे।पीछे बैठे बाबूलाल को सिर और छाती पर गंभीर चोटें आईं जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई और बालचंद चेरवा को भी चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।मामले में पुलिस ने प्रार्थी धीरज कुमार चेरवा की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी चालक घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मोड़ बेहद खतरनाक है और पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं। यहां स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड की सख्त जरूरत है।




Aasma Aasma Aasma Aasma Aasma Aasma

Aasma

जिस पर विश्वास एक परंपरा है।

# आसमाँ की ज़मीन पर, रिश्तों का महल 1600 परिवारों की ख़ुशियों भरी चहल-पहल






आसमाँ से एयर स्ट्राइक
सिंदूर को मिला न्याय

जय हिन्द

आसमाँ बिल्डर्स ने आपके सपनों को साकार करने के लिए तैयार किये है पाँच तरह के ख़ूबसूरत घर. जहाँ हर ईंट में बसा है विश्वास और हर कोने में रची बसी है 1600 परिवारों की ख़ुशियाँ. आप भी आइये और अपने सपनों से घर में अपने आसमाँ का ख़ूबसूरत टुकड़ा जोड़ लीजिये.



AASMA ORCHID



AASMA TULIP



AASMA GULMOHAR



AASMA FLORA



AASMA LILY

1600 परिवारों का अटूट भरोसा

## विशेष सुविधाएँ

**गेट और सुरक्षा**
मुख्य प्रवेश द्वार पर ग्रिल्ड गेट, जहाँ पूरी सुरक्षा जाँच के बाद ही प्रवेश की अनुमति

**स्विमिंग पूल**
एक ख़ूबसूरत स्विमिंग पूल (प्रस्तावित)

**गार्डन और पार्क**
5 शानदार तरीके से मेंटेन किए गए गार्डन और पार्क

**सामुदायिक केंद्र, क्लब और जिम**
सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र, क्लब हाउस और जिम

**शॉपिंग आर्केड**
एक सुव्यवस्थित शॉपिंग आर्केड, जहाँ रोज़मर्रा की ज़रूरत की सभी चीज़ें आसानी से उपलब्ध

**अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएँ**

- 40 फीट और 30 फीट चौड़ी सीमेंटेड सड़कें, दोनों ओर हरियाली के साथ
- 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति
- पर्यावरण-अनुकूल सीवेज और बंद ड्रेनेज सिस्टम
- पूरे परिसर के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर
- पूरी तरह सुरक्षित प्रवेश, केवल उचित सत्यापन के बाद

आसमां रेसीडेन्सियल एनक्लेव, जैन इंटरनेशनल स्कूल के सामने, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

# आसमां बिल्डर्स एण्ड कॉलोनाइजर्स लिमि.

हेड ऑफ़िस - मुंगेली रोड, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) | M.: 9984999855, 9981620000, 9755855116

## खबर संक्षेप



### वीएम कालेज की पांच छात्राओं ने किया सामूहिक रक्तदान

**बिश्रामपुर।** वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस पर गत दिनों समूह में रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाली नर्सिंग छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा रक्तदाता प्रमाण पत्र प्रदान किया।इस पर संस्था के विजयराज अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 मई को विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सूरजपुर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बिश्रामपुर में संचालित वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग की पांच छात्राएं आफरीन, कलावती, नेहा, हेमंती और सान्या द्वारा भी रक्तदान किया गया। सर्वप्रथम रक्तदान करने वाली छात्राओं के द्वारा अपना हीमोग्लोबिन आरबीसी रक्त जांच कराया एवं उनके द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान का निर्णय लिया गया। रक्तदान करने वाली पांचों छात्राओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही इन छात्राओं के इस सराहनीय प्रयास की मुख्यमंत्री द्वारा प्रशंसा की गई।

### पीयूष ने कक्षा 10 वीं में प्राप्त किया 92.66 प्रतिशत अंक

**अम्बिकापुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ब्रह्मपारा के मेधावी छात्र पीयूष सोनी ने कक्षा 10 वीं में 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि शहर का नाम रोशन किया है। पीयूष गांधीनगर निवासी प्रदीप सोनी के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत,परिजनों और गुरुजनों को दिया है।

### बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम आने जनपद उपाध्यक्ष ने छात्रा को किया सम्मानित



**राजपुर।** जनपद पंचायत के ग्राम परसागुड़ी गांव की छात्रा कु. सीमा यादव आ. राजेंद्र यादव ने पीएम श्री सेजेस स्कूल में 12वी बोर्ड परीक्षा में पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। छात्रा की कामयाबी पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने विकासखंड स्तर के अधिकारियों के साथ छात्रा के घर पहुंचकर उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में पीएमश्री सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकासखंड में प्रथम एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा सीमा यादव ने कक्षा 12वीं में 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस अवसर पर बीईओ आदित्य पाटनवार, पीएमश्री सेजेस स्कूल के प्राचार्य अरविंद गुप्ता, संकुल समन्वयक अखिलेश तिवारी एवं परिजन उपस्थित रहे।

### अंकित ने 10वीं में अर्जित किया 90.5 प्रतिशत अंक

**प्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवरा के छात्र अंकित राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10 वीं कक्षा के परिणामों में 90.5 प्रतिशत अंक अर्जित किया।



जिसमें अंकित कुमार राजवाड़े की इस सफलता से विद्यालय सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अंकित राजवाड़े अपनी सफलता का श्रेय पिता मनबोध राजवाड़े, माता कुंवर राजवाड़े सहित विद्यालय के गुरूजन का दिया है। अंकित राजवाडे ने इंजीनियर बनकर समाज की सेवा करने की बात कही।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** सरडीह जुनापारा निवासी कुलवंत आ. भजन राम गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 14 एमपी 4004 से कफन-दफन में शामिल होने ग्राम बीरा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार मुख्य टिरंग चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सीजी 15 सीबी 3394 से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुलवंत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात रायपुर लेकर जा रहे थे तभी घायल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# चिलचिलाती धूप में स्ट्रेचर को धक्का लगाकर जांच कराने परिजन मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए विभिन्न जांच के अलावा अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। अस्पताल में दाखिल मरीजों को जांच व उपचार का लाभ मिल रहा है परंतु एमसीएच परिसर स्थित वार्ड के मरीजों को विभिन्न जांच कराने के लिए के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। हैरानी की बात तो यह है कि वार्ड में दाखिल मरीजों को जांच कराने के लिए लाने ले जाने एंबुलेंस की सुविधा है बावजूद इसके मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में परिजन चिलचिलाती धूप में विभिन्न जांच कराने के लिए स्ट्रेचर को सड़क पर धक्का लगाने को मजबूर है। ऐसे में मरीज सहित परिजन धूप से परेशान होते ही है साथ ही मुख्य मार्ग होने तथा वाहनों के आवागमन करने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**खास बात**

- एंबुलेंस सुविधा होने के बाद भी मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला सर्जिकल, मेडिकल वार्ड सहित एमसीएच में दाखिल मरीजों को सीटी स्कैन, एक्स-रे जांच के लिए पूर्व की भांति सड़क पार कर ओपीडी परिसर ले जाना पड़ता है। एक तो जांच कक्ष के दूर होने तथा दूसरी ओर मरीजों को स्ट्रेचर से सड़क पार कराकर ले जाने के दौरान परिजन सहित मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास कर सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को सड़क से लेकर जाने में न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि वाहन से टकराने का भी खतरा बना रहता है। कुछ माह पूर्व ही एमसीएच परिसर स्थित विभिन्न वार्ड में दाखिल मरीजों को जांच कराने के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को राहत देने के लिए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है।



दोपहर की चिलचिलाती धूप में मरीज को ले जाते परिजन।

### एक्स-रे मशीन लगाने की थी योजना

महिला सर्जिकल वार्ड में बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटना से घायल मरीज दाखिल होते है। कई मरीज ऐसे होते है जिनका उपचार एक्स-रे, सोनोग्राफी और एमआईआर के बाद ही शुरू होती है। ऐसे में मरीज का विभिन्न जांच कराने सड़क पार कर जांच कक्ष जाना पड़ता है। इधर मरीजों को लाने ले जाने में हो रही परेशानी तथा मरीज का तत्काल उपचार शुरू हो सके इसके लिए एमसीएच परिसर में ही एक्स-रे मशीन की योजना अस्पताल प्रबंधन द्वारा बनाई गई थी। परंतु आज तक योजना मूल रूप नहीं ले सकी जिससे मरीजों की समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

### दुर्घटना की संभावना

मेडिकल कॉलेज अस्पताल दो हिस्सों में बटा है मुख्य ओपीडी व एमसीएच के बीच से मुख्य मार्ग गुजरी है जहां से बड़ी संख्या वाहन सवार आवागमन करते है। सड़क की एक और ओपीडी, आपात कालीन सेवा, सीटी स्कैन, एक्स-रे, एमआईआर, पैथोलेब, ब्लड बैंक व कार्यालय सहित अन्य जांच लेब है। जबकि सड़क की दूसरी ओर 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल के अलावा महिला सर्जिकल, मेडिकल व अन्य वार्ड संचालित है। एमसीएच क्षेत्र में दाखिल मरीजों को स्ट्रेचर से जांच के लिए ओपीडी की ओर लाने के लिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में मार्ग से गुजर रहे वाहन से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो जाने से मरीज सहित परिजन को काफी राहत मिली लेकिन अब एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से अब इस भीषण गर्मी में परिजन की समस्या और भी बढ़ गई है। इधर चिकित्सक मरीज के उपचार के लिए विभिन्न जांच कराने की सलाह देते है वहीं परिजन भी मरीज का उपचार समय पर हो इसके लिए एक्स रे, सीटी स्कैन सहित अन्य जांच कराने के लिए वाहन नहीं मिलने पर अस्पताल के स्टाफ के साथ खुद ही मरीज को स्ट्रेचर से लेकर सड़क पार कर विभिन्न जांच कराते है। ऐसे में मरीजों को कभी तेज धूप में तो कभी बारिश के का भी सामना तो करना पड़ता ही है। साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### दिखवाता हूं

मै अभी रायपुर में हूं, अस्पताल मरीजों के विभिन्न जांच कराने के लिए अलग से एंबुलेंस की सुविधा है। एंबुलेंस की सुविधा मरीजों को नहीं मिल रही है तो दिखवाता हूं।

-डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक

## जयंती पर भाजपा द्वारा महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा ने शुक्रवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर महाराणा प्रताप चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ महाराणा प्रताप के आदर्शों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप न केवल भारतीय इतिहास के एक गौरवशाली योद्धा थे, बल्कि वे त्याग, पराक्रम और आत्मसम्मान के प्रतीक है। उनका जीवन संघर्षशील होने के साथ मातृभूमि के लिए समर्पण का अनुपम उदाहरण है। आज का युवा उनके बलिदान और अदम्य साहस से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, डॉ.अंबिकेश केशरी, आलोक दुबे, मनीष सिंह, संतोष दास, रूपेश दुबे, निलेश सिंह, गोल्डी बिहाड़े, कमलेश तिवारी, जन्मेजय मिश्रा, मनोज कंसारी, सिद्धार्थ मिश्रा, संजीव वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।



*अम्बिकापुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के अजा, अजजा और अन्य पिछडा वर्ग के जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। जारी आदेश में सहायक सांख्यिकी अधिकारी, एकी.आदि. वि.परि. संतोष कुमार कंवर को अनुसूचित जनजाति सदस्य मनोनीत किया गया है।

## छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी को सौंपा ज्ञापन

**मदनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष के नेतृत्व में सरगुजा व सूरजपुर जिले के बंग समाज के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गृह ग्राम बीरपुर में सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में निवासरत भू-स्वामियों को भूमि क्रय-विक्रय में कलेक्टर की अनुमति की अनिवार्यता को समाप्त किए जाने की बात कही गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ राजपत्र 24 अप्रैल 2023 में प्रकाशित पुनर्वास शासकीय पट्टा धारियों को प्रदान की गई सुविधाओं के क्रियान्वयन हेतु बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राजपत्र में संशोधित धाराओ का क्रियान्वयन प्रशासन के मंशारूप नही हो पा रहा है। राजस्व अधिकारियों द्वारा उक्त संशोधित धाराओं का अपने-अपने ढंग से व्याख्या कर पुर्नवास पट्टाधारियों को उचित लाभ से वंचित किया जा रहा है। बंग समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष द्वारा मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित संशोधनों का लाभ पुनर्वास पट्टा धारकों को प्राप्त हो सके ऐसा स्पष्ट निर्देश सभी जिला कलेक्टरों को देने का अनुरोध किया। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार पुनर्वास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में बंग समाज के लोगों को बसाकर उन्हें भू स्वामी हक का पट्टा प्रदान किया है। 75 वर्षो से निवासरत होने के बाद भी आवश्यकता पड़ने पर यदि कोई व्यक्ति अपने भू स्वामी हक की भूमि का कुछ हिस्सा विक्रय करना चाहे तो कलेक्टर की अनुमति की अनिवार्यता के कारण उन्हें भूमि का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। ऐसे में भू माफियाओं के चंगुल में फंसकर अपनी भूमि व रूपए दोनों गवा देते है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सरकार, पवन बर्मन, पुलीन मंडल, सुशांत घोष, सूरज दास, रमेश विश्वास, निर्मल वैध, तारक सरदार, दिनेश सरकार, जगदीश मंडल सहित समाज के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



**न्यायालय तहसीलदार-राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202505270600078/ब-121/2024-25

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा ग्राम बुढ़ाबगीचा, के आम नागरिक को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.) के पत्र क्र./308/वाचक/कले0/2025 बलरामपुर, दिनांक 23/04/2025 द्वारा आवेदक बिरेन्द्र कुमार सोनी आ. बैजनाथ सोनी, उम्र लगभग 55 वर्ष, जाति सोनार, निवासी ग्राम बुढ़ाबगीचा, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.) द्वारा आवेदक के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बुढ़ाबगीचा, प.ह.नं. 14, रा.नि.सं. बुढ़ाबगीचा, तहसील राजपुर, स्थित खसरा नं. 3/84 रकबा 0.0590 हे. भूमि को घर बनाने के लिए पैसों की जरूरत पडने पर अनावेदक आकाश गर्ग आ. अशोक गर्ग, जाति अग्रवाल, निवासी राजपुर, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.) से राशि रूपये 10,00,000.00 (दस लाख) में विक्रय हेतु आवेदक 03 वर्ष पूर्व राशि प्राप्त कर लिया गया है।

उक्त भूमि का विक्रय अनुमति बावत आवेदन बी-1, शपथ पत्र के साथ पेश किया गया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो अपना दावा न्यायालय में दिनांक 16/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जवेगा।

आज दिनांक 01/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**राजपुर**
**जिला-बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)**

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. भुवन शर्मा — MD, DM (Neurology) — मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएं
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज • दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग) • पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
10 मई 2025, माह के दूसरे शनिवार
डॉ. बी. मिंज — MBBS, MD, FIPM (Fellowship inPain Management) Interventional Pain Physician, Trained in Advance Pain Management Procedure From Balaji Action Hospital, Delhi Dandia Pain Management Centers, Kolkata
• सईनुमा उपकरण/दूरबिन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना • कमर दर्द, गर्दन, पीठ का दर्द एवं हाथ का दर्द • जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बों, एड़ी का दर्द
11 मई 2025, प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
डॉ.महावीर सिंह जौहरी — MBBS,MS,DNB (Haderbad) FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi) — ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
• ब्रेन ट्यूमर, निंद की कमी, मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या • स्पोंडिलिसिस, स्पाइन की समस्या • हाथ, पीठ, तालु या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना
11 मई 2025, प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा — माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II — रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड अम्बिकापुर
डॉ. सुशांत — MBBS, MD (General Medicine) DNB, Neurologist
• मस्तिष्क आघात, मस्तिष्क में संक्रमण, • मिर्गी आना, ब्रेन ट्यूमर, अल्जाइमर, मस्तिष्क की धमनी में विकार • माइग्रेन होना, पार्किंसन्स बीमारी
11 मई 2025, प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) |9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
• गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच • प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन • बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा) • मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज) • मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज • स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन • बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग • सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments • टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870 समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन) (सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक – 11 मई, 2025 दिन – रविवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

Dr. V.K. Patel
Cosmetologist
मुँहासे, चेहरे की झुर्रियां, त्वचा का कालापन बालों का झड़ना, बुटोक्स व स्टेम सेल थेरेपी कान के बढ़े छेद बिना टांके के बन्द करना स्किन से सम्बंधित अन्य उपचार
शनिवार एवं रविवार शाम 4 से 6 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
• खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी • सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार • सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा) • बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ • पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 25 मई 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
25 मई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

न्यूरो ओ.पी.डी. - प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा MBBS, MS, M.ch (Neura Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 10 मई, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रात: 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
रविवार, 11 मई 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment) • पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia) • झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy) • Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना) • जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज • लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज • Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा) 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 11 मई 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना • गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी। • प्रोस्टेट बढ़ जाना। • पेशाब के रास्ते का छोटा होना। • किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

AFFILIATED TO CBSE BOARD NEW DELHI
UNIQUE CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL
Nursery to K.G & Class 1st to 12th
Commerce, Maths Bio & Agriculture
English Medium Co-Eduction
ADMISSION OPEN CBSE BOARD
BOARDING / HOSTEL AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS (BEST RESIDENCE IN SURGUJA)
विशेषताएं (Ecatures) -बच्चों के संपूर्ण विकास एवं उज्जवल -भविष्य के लिए सदैव तत्पर -AT.L. LAB की सुविधा -कम्प्यूटर कोडिंग क्लास (1st -10th) -प्रयोगशाला -पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था
Contact Us Chandani Chowk, Khairbar Road Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

10 Ambikapur-pg 4-New_Layout 1 5/10/2025 10:09 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### करवां पंचायत में साप्ताहिक बाजार की हुई नीलामी

**करवां।** ग्राम पंचायत करवां के मझापारा स्थित साप्ताहिक बाजार की वार्षिक नीलामी इस बार न केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया रही, बल्कि ग्रामवासियों के लिए यह आयोजन एक उत्सव का रूप ले चुका था। सरपंच श्रीमती निरूपा सिंह नेताम और पंचायत सचिव मदन राजवाड़े की देखरेख में संपन्न इस कार्यक्रम में ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आए। सप्ताह में एक बार लगने वाला यह बाजार न केवल गांव बल्कि आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों और खरीदारों के लिए एक अच्छा बाजार है। इसी कारण जब नीलामी की घोषणा 1 मई को मुनादी के जरिए की गई तो गांव में एक अलग ही हलचल पैदा हो गई थी। इस बार नीलामी में तीन दावेदार कमल राजवाड़े, मीर हसन अंसारी और जयंत जायसवाल सामने आए। सभी ने नीलामी के लिए 5 हजार रुपए की अमानत राशि जमा कर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। बोली प्रक्रिया में रोमांच तब चरम पर पहुंच गया जब बोली दर 45 हजार रुपए पार कर गई। अंततः कमल राजवाड़े ने 46 हजार 400 रुपए की उच्चतम बोली लगाकर साप्ताहिक बाजार का ठेका प्राप्त कर लिया। मीर हसन अंसारी 46 हजार 300 रुपए के साथ बहुत मामूली अंतर से पीछे रह गए जबकि जयंत जायसवाल ने 45 हजार 800 रुपए की बोली लगाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने घोषणा किया कि नीलामी विजेता को बोली राशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत हिस्सा एक सप्ताह के भीतर पंचायत में जमा करना होगा। यदि ऐसा नहीं होता है तो ठेका स्वतः निरस्त मान लिया जाएगा। बाजार नीलामी के दौरान गांव के बड़ी संख्या में लोग पंचायत भवन में एकत्रित हुए। इस दौरान जनार्दन कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, केश्वर सिंह, विकास कुशवाहा, मनोज सिंह, ऐनुल हक अंसारी, वीर साय राजवाड़े, डीकेश्वर चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपचारी बालक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत डिंडो चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली नाबालिग 7 मई की रात 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। नाबालिग के परिजन द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए उसके अपहरण की आशंका जताई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर नाबालिग की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने 9 मई को नाबालिग को बरामद करने के साथ ही उसके अपहरण और दुष्कर्म के मामले में विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया है। पुलिस की पूछताछ में अपचारी बालक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 137(2), धारा 64(2) (ड) व पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत गिरफ्तार किया है।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चलगली निवासी बसंत राम आ. चैतू राम (35 वर्ष) 6 मई की शाम पास के ग्राम महुआडीह से पैदल घर आ रहा था। जैसे ही शंकरगढ़ मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ग्राम भरतपुर निवासी लवकु कोरवा ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार जिससे बसंत राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने परिजन घायल को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सरगुजा वन वृत्त के सभी तेंदूपत्ता लॉटों का हुआ विक्रय

# आंधी-बारिश के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण प्रभावित, शुरू नहीं हो सकी खरीदी



सीतापुर फड़ में संग्रहित पत्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव एवं आंधी-बारिश के कारण सरगुजा में अभी तेंदूपत्ता का संग्रहण प्रारम्भ नहीं हो सका है। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए मौसम साफ होने के साथ ही तेज धूप निकलने का इंतजार किया जा रहा है। तीन-चार दिनों में सरगुजा के सभी वन मण्डलों में तेंदूपत्ता संग्रहण प्रारम्भ होने की उम्मीद है।

**खास बात**

- विपरीत मौसम में पत्तों की गुणवत्ता खराब होने का भय

सरगुजा वनवृत्त के सभी छह वन मंडलों में 144 सहकारी वनोपज समितियां एवं 165 तेंदूपत्ता के लॉट हैं। पिछले साल की तरह इस बार भी सरगुजा के सभी लाटों की नीलामी हुई है। ठेकेदारों ने कई लॉटों की ऊंची कीमत लगाई है जबकि कई लॉटों को संग्रहण दर से कम कीमत में खरीदा है। दो साल पूर्व तक सरगुजा के सभी लॉटों के खरीददार नहीं मिलते थे। अविकृत लाटों में विभाग वनोपज समितियों के माध्यम से पत्ते का संग्रहण कराता था। सरगुजा के सभी तेंदूपत्ता लाटों का विक्रय होने से विभाग के अधिकारी उत्साहित है। आमतौर पर सरगुजा वनवृत्त के विभिन्न वनमंडलों में 5 मई से तेंदूपत्ता का संग्रहण प्रारम्भ कर दिया जाता था लेकिन पिछले एक सप्ताह से चल रही आंधी-बारिश के कारण अभी संग्रहण प्रारम्भ नहीं हो सका है। बेमौसम बारिश एवं नमी के कारण पत्तों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। इस बार अप्रैल में अच्छी गर्मी पड़ने के कारण वन अधिकारी बेमौसम बारिश से पत्तों की गुणवत्ता पर असर नहीं पड़ने का दावा कर रहे हैं तथा गर्मी पड़ने पर तेंदूपत्ता के गुणवत्ता युक्त पर्याप्त पत्ते निकलने एवं लक्ष्य से अधिक पत्तों का संग्रहण होने की उम्मीद जता रहे है। अधिकारी तीन-चार दिनों में सभी वन मंडलों में संग्रहण प्रारम्भ होने की बात कह रहे हैं।

### 363600 मानक बोरा का लक्ष्य

शासन ने सरगुजा वनवृत्त के लिए 363600 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया है शासन द्वारा सरगुजा वनमंडल का तेंदूपत्ता संग्रहण लक्ष्य 36200 मानक बोरा, सूरजपुर का 74500 मानक बोरा, बलरामपुर का 143900 मानक बोरा, कोरिया का 33000, मनेन्द्रगढ़ का 43500 एवं जशपुर वनमंडल का 32500 मानक बोरा निर्धारित किया गया है। अधिकारी सरगुजा एवं जशपुर वनमंडल में लक्ष्य से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहित होने जबकि अन्य वन मंडलों लक्ष्य से कम संग्रहण होने का अनुमान लगा रहे हैं। पिछले वर्षों की तुलना में विभिन्न वन मंडलों में तेंदूपत्ता के उत्पादन में कमी दर्ज की जा रही है तथा संग्रहण लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है।

#### वनवासियों के आय का प्रमुख स्त्रोत

तेंदूपत्ता वनवासियों के आय का प्रमुख स्त्रोत है। वनवासी परिवार के सदस्य भोर होते ही अपने घरों से जंगल की ओर चले जाते हैं तथा सुबह 11 बजे तक जंगल में घूम घूम कर तेंदूपत्ता तोड़ते हैं। दोपहर में संग्रहित पत्तों का बंडल तैयार कर शाम को पत्ता बेचने फड़ में पहुंचते है। वनोपज समितियां वन अधिकारियों के मार्गदर्शन में तेंदूपत्ता खरीदती है। खरीदी के 24 घंटे बाद संग्रहित पत्ता ठेकेदार के सुपुर्द कर दिया जाता है। ठेकेदार पत्तों को सुखाने के बाद बोरा में भरकर भण्डारण करते हैं। शासन द्वारा तेंदूपत्ता खरीदी की दर 5500 रूपए प्रति सौ बंडल निर्धारित की गई है। तेंदूपत्ता संग्रहण से संग्राहक परिवारों को एक महीने में 40-50 हजार तक आमदनी होती है। इस बार विलंब से संग्रहण शुरू होने के कारण 20 दिन ही तेंदूपत्ता का संग्रहण होने की संभावना है। मई के अंत में संग्रहण कार्य बंद कर दिया जाता है ताकि खरीदे गए पत्तों का प्रबंधन मानसून के पूर्व किया जा सके।

#### कम संग्राहकों को मिलेगा बोनस

इस बार कई लॉटों का विक्रय अधिक दर से हुआ है जबकि अधिकांश लॉटों की कीमत पत्ता खरीद दर से आधी मिली है। जिल लॉटों का विक्रय कम कीमत में हुआ है उनसे संबंधित संग्राहकों को बोनस मिलने की संभावना कम है वहीं अधिक कीमत में बिकने वाले लॉटों के संग्राहकों को अच्छा बोनस मिलने की संभावना है। वनमंडल सरगुजा के 15 में से 8 लाटों को अच्छी कीमत मिली है जबकि शेष को ठेकेदारों ने पत्ता खरीदी दर से कम कीमत में खरीदा है। सरगुजा वन मंडल के डांडगांव लॉट का विक्रय 8589 रूपए, केदमा 8340 रूपए, उदयपुर एवं रिखी 7719 रूपए, लखनपुर 6689, रघुनाथपुर 5739 रूपए, धौरपुर 5588 रूपए एवं बतौली लॉट का विक्रय 5529 रूपए की दर से हुआ है। जबकि शेष 7 लॉटों की कीमत 2500-5500 रूपए तक मिली है। संग्रहित पत्तों की विक्रय अधिक कीमत पर होने पर शासन संग्राहकों को बोनस का भुगतान करता है। सरगुजा वनवृत्त के विभिन्न वन मंडलों में 3 लाख 12 हजार से अधिक संग्राहक है।

#### जल्द शुरू होगी खरीदी

सीतापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सोमवार से तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारंभ कर दी गयी है। दो-चार दिन में अन्य फड़ों में भी खरीदी प्रारंभ हो जाएगी। बादल-बारिश से पत्ते की गुणवत्ता पर प्रभाव नहीं पड़ा है। गर्मी बढ़ने पर बड़े आकार के गुणवत्तायुक्त पत्ते निकलेंगे।

-एसबी सिंह चंदेल
उप प्रबंधक, जिला यूनियन, सरगुजा

## करोड़ों की अफरा-तफरी के मामले में आरोपियों के विरूद्ध नहीं हुआ अपराध दर्ज, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शंकरगढ़ एवं कुसमी शाखा में बैंककर्मियों द्वारा की गई करोड़ों की अफरा-तफरी के मामले में अभी तक पुलिस आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज नहीं कर सकी है। बैंक के अधिकारियों का कहना है कि वे संबंधित अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने जांच रिपोर्ट के साथ तीन बार कुसमी थाना भेज चुके हैं लेकिन पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शंकरगढ़ एवं कुसमी शाखा में फर्जी खाता खोलकर 23 करोड़ से अधिक राशि की अफरा-तफरी करने का मामला सामने आया है। प्रबंधन की जांच में बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ही बैंक में जमा राशि की अनियमितता करने का खुलासा हुआ है। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद बैंक प्रबंधन ने शाखा प्रबंधक को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था। शाखा प्रबंधक पहली बार 6 मार्च को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने कुसमी थाना पहुंचे थे लेकिन थाना प्रभारी ने अधिकारी को बैरंग लौटा दिया। बैंक अधिकारी दोबारा 6 मई को जांच रिपोर्ट लेकर अपराध पंजीबद्ध कराने पहुंचे लेकिन थाना प्रभारी ने जांच रिपोर्ट के मूल दस्तावेज ले आने की बात कहकर उन्हें वापस लोआ दिया। अगले दिन अधिकारी मूल दस्तावेज लेकर पहुंचे तो अधिकारियों ने बैंक का आवेदन एफआईटार के फार्मेट में नहीं होने एवं राशि हड़पने के लिए राशि निकासी फार्म में किए गए हस्ताक्षर की पुष्टि नहीं होने की बात कर उन्हें खाली हाथ लौटा दिया। पुलिस ने सभी खातों की डिटेल भी मांगी है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि राशि निकासी फार्म में हस्ताक्षर किसके हैं इसकी जांच पुलिस को करना है। मामले में पुलिस रोज नए-नए मुद्दे उठाकर एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर रही है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध अभी तक अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं होने से तरह-तरह के चर्चाएं हो रही हैं तथा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। यह भी चर्चा है कि कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी बिलास भोसकर ने मामले में एफआईआर दर्ज कराने के संबंध में पुलिस महानिरीक्षक को डीओ लेटर भी लिखा है इसके बावजूद पुलिस ने मामले में आरोपियों के लिए प्रकरण दर्ज नहीं किया है।

इस संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ एसपी सिंह ने बताया कि शंकरगढ़ एवं कुसमी शाखा में हुई आर्थिक अनियमितता के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने प्रभारी अधिकारी को जांच रिपोर्ट के साथ कसुमी थाना भेजा गया था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं किया है।



## कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**अम्बिकापुर।** गांव चलो अभियान के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नवापारा, शिवप्रसाद नगर, सोनपुर, भंवराही एवं करौंदा मुड़ा गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं को सुनीं और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री राजवाड़े ने ग्रामीणों की शिकायतों और जरूरतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में पूरा किया जाए। शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मंत्री के दौरे से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने करौंदा मुड़ा में ग्रामीणों के बीच बैठकर आमजन की समस्या सुनी और आवेदन भी लीं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सिंह, जिला पंचायत सदस्य कुसुम सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामू गोस्वामी,जनपद उपाध्यक्ष राजू प्रताप सिंह, लालचंद्र शर्मा, अमन प्रताप सिंह, राकेश पाठक, संदीप दुबे व पांचों ग्राम के बूथ अध्यक्ष, सरपंच,सचिव, नायब तहसीलदार, पटवारी, पीएचई, जनपद सीईओ, विद्युत विभाग के जेईई सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## आंधी से उखड़े सौ से अधिक पेड़, जगह-जगह टूटी डंगाल

**बिहारपुर।** शनिवार को दोपहर में आई तेज रफ्तार आंधी ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। आंधी से सौ से अधिक पेड़ उखड़ गए हैं वहीं पेड़ों की डालें टूट गई हैं। आंधी से दर्जनों घरों के शेड उड़ गए हैं तथा विद्युत लाइन को भी काफी नुकसान पहुंचा है। गुरूवार को भी दोपहर में तेज रफ्तार आंधी चली। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि जगह-जगह पेड़ उखड़ गए वहीं बड़ी संख्या में डालें टूट कर गिर गई। विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। ग्राम पंचायत कोल्हुआ एवं मोहली में आंधी ने अधिक तबाही मचाई है। आंधी से दोनों गांवों में जगह-जगह पेड़ उखड़ने के साथ ही दर्जनों घरों के छप्पर व शेड उजड़ गए हैं। गुरूवार को भी क्षेत्र में तेज आंधी चली थी लेकिन हवा की रफ्तार 60 से 70 किमी प्रतिघंटे होने के कारण आंधी से काफी क्षति हुई है। आंधी का प्रभाव गुरूघासी दास नेशनल पार्क की मकराहु आरी स्थित सीमा से लेकर ग्राम पंचायत कोल्हुआ से लेकर महुली तक अधिक है। आंधी से विद्युत लाइन पर जगह-जहग पेड़ों की डाल गिर गई है जिससे कहीं विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं वहीं जगह-जगह विद्युत लाइन के तार टूट गए हैं जिससे आंधी के पूर्व से ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित है। क्षतिग्रस्त तारों की मरम्मत होने के बाद ही विद्युत आपूर्ति सुचारू होने की संभावना है। सड़क पर पेड़ गिरने के कारण कोल्हुआ-चोंगा मार्ग से घंटों आवागमन बाधित रहा।

### आंधी में उड़ा समाधान शिविर का पंडाल, लौटे अधिकारी

शुक्रवार को ग्राम पंचायत मोहर सोप में आयोजित सुशासन शिविर में अफरा-तफरा की स्थिति निर्मित हो गई जब तेज रफ्तार आंधी में पंडाल उड़ गया। इस दौरान झमाझम बारिश होने के कारण शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी दौड़ते हुए अपने वाहन तक पहुंचे एवं आनन-फानन में शिविर छोड़कर घर लौट गए। शुक्रवार को सुशासन तिहार अंतर्गत सूरजपुर जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत बिहारपुर स्थित हाई स्कूल मैदान में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 11 बजे प्रारम्भ हुआ। विभिन्न विभागों के अधिकारी बारी-बारी से अपने विभाग की योजनाओं एवं पूर्व में प्राप्त समस्या एवं मांगों के आवेदनों के निराकरण की जानकारी दे रहे थे। दोपहर बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने पर दूर-दूर के ग्रामीण शिविर में आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेने पहुंच रहे थे। इस दौरान अपराह्न 2 बजे अचानक तेज आंधी चलने लगी तथा शिविर का पंडाल उड़ गया। आंधी में शिविर में रखी प्लास्टिक की कुर्सियां भी इधर-उधर उड़ने लगी। आंधी के साथ अचानक बारिश होने के कारण लोगों में अफरा-तफरी मच गई तथा क्षेत्रवासी इधर-उधर भागने लगे। पास में कोई सुरक्षित जगह नहीं होने के कारण शिविर में उपस्थित



अधिकारी-कर्मचारी दौड़ते हुए अपनी गाड़ी तक पहुंचे एवं शिविर छोड़कर वापस घर लौट गए। शिविर में ग्राम महुली, मोहरसोप, बसनारा, खोहिर, कैलाश नगर, छतरंग, बड़वार, पालकेवरा, घुईडीह, खैरा, करौरी ए, रामगढ़, कछिया, उमझर, रसौकी एवं कोल्हुआ के ग्रामीणों को बुलाया गया था। आंधी-तूफान के कारण विपरीत स्थिति निर्मित होने के कारण आवेदनों का निराकरण किए बिना ही अधिकारियों एवं ग्रामीणों को शिविर छोड़कर जाना पड़ा। क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से दोबारा गांव में शिविर लगाने की मांग की है।

## हत्या के 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



- एक आरोपी फरार

घर में घुसकर लड़की का गला दबाने वाले युवक को न सिर्फ कुछ लोगों ने पकड़ा बल्कि युवक को बांध बेदम पिटाई कर दी। मारपीट से युवक की मौत हो जाने पर पुलिस ने मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं फरार एक आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम सौंतार निवासी सीपन साय पैकरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गुरुवार की सुबह गांव का एक व्यक्ति फोन कर सूचना दिया कि गांव के एक घर में रात के समय एक व्यक्ति घुसा था। घर में दाखिल हुआ व्यक्ति एक लड़की का गला दबा रहा था। लड़की के शोर मचाने पर उसकी मां बीच बचाव करने लगी तो उसके साथ मारपीट किया है। इधर शोर सुनकर अमरलाल, सोदी व 1 अन्य व्यक्ति मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर गला दबा रहे व्यक्ति को मारपीट कर हाथ पैर को रस्सी से बांध दिए। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम दीपक सिंह बताया। वहीं मारपीट से गंभीर हुए दीपक की सुबह मौत हो गई। दीपक सिंह की मृत्यु अमरलाल, सोदी व 1 अन्य व्यक्ति द्वारा मारपीट कर चोट पहुंचाने से होने पर धारा 103(1), 127(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सौतार निवासी अमरलाल आ. टोलू (45 वर्ष), ग्राम खड़गवा निवासी सोदी आ. स्व. नानसिंह (40 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने हत्या की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा व रस्सी बरामद किया। वहीं घटना में शामिल एक आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कार्रवाई में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक मनोज केरकेट्टा, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, नवीन बेक, भीमेश आर्मो व जयप्रकाश पन्ना सक्रिय रहे।



## चार दिनों से उपस्वास्थ्य केन्द्र पासल में लटक रहा ताला, इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पासल स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में चार दिनों से ताला लटकने के कारण ग्रामीणों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम को प्रशासन ने स्थानांतरित कर दिया है वहीं स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम ने अभी तक कार्यभार नहीं संभाला है जिसके कारण स्वास्थ्य का संचालन पिछले चार दिनों से ठप है।

उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने सुशासन तिहार में शिकायत की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नेन एएनएम को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया है एवं एएनएम मानकुंवर को पासल स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ किया है। एएनएम द्वारा कार्यस्थल पर अनुपस्थित रहने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र में चार दिनों से ताला लटक रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गांव हैं तथा पण्डो एवं गोंड़ जनजाति की आबादी अधिक है। उप स्वास्थ्य केन्द्र में ताला बंद होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं को प्रसव के लिए अन्य चिकित्सालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी सुरेश मिश्रा ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम को अन्य स्थानांतरित किया गया है। नई एएनएम ने अपनी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है जिसके कारण स्वास्थ्य केन्द्र में ताला बंद है।

## ट्रैक्टर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

दो ट्रैक्टर चोरियों के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से एक ट्रैक्टर और नागर जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के सीतापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर रोपाखार निवासी इन्तीजार उल्ला खान द्वारा महेंद्रा ट्रैक्टर शो रूम व आटोमोबाईल दुकान का संचालन किया जाता है। इन्तीजार उल्ला खान द्वारा 6 मई को परपटिया निवासी किसान को एक ट्रैक्टर की बिक्री की गई थी लेकिन फाइनेंस नहीं होने और मार्जिन का पैसा नहीं मिलने के कारण शो रूम संचालक ट्रैक्टर को वापस ले आया था। शो रूम में जगह नहीं होने के कारण उसने ट्रैक्टर को घर के आँगन में खड़ा किया था। इस दौरान 9 मई की रात 12.30 बजे तक ट्रैक्टर अपने स्थान पर था लेकिन जब वह सुबह उठकर देखा तो ट्रैक्टर गायब था। ऐसे में संचालक द्वारा



कमेलश्वरपुर थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक लाल रंग के ट्रैक्टर को जमा पहाड़ स्थित जंगल के झुरमुट में छिपाकर रखा गया है। पुलिस जब सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची तो एक संदिग्ध युवक ट्रैक्टर को छोडकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत नर्मदापुर पटेलपारा निवासी 23 वर्षीय बलवीर यादव आ. राम प्रकाश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर और नागर जब्त किया। इसके साथ ही आरोपी ने 1 अप्रैल को सीतापुर के ग्राम बंदना से एक महिंद्रा ट्रैक्टर चोरी कर छिपाने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर को पूर्व में लावारिश हालत में बरामद किया गया था। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, उनि राजेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक अखिलेश्वर भगत, राम प्रसाद निकुंज, आरक्षक परवेज फ़रिदौसी, लुकन साय कुजूर, अर्जुन पैकरा, जेवियर बरवा, धनेश्वर पैकरा सक्रिय रहे।

## सर्पदंश से गंभीर मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर में खेल रहे मासूम को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन का आशंका है कि बालक ने खेलने के दौरान सांप को पकड़ लिया था। खड़गवां अंतर्गत ग्राम मेरो निवासी राज पाल सिंह का दो वर्षीय पुत्र राकेश शुक्रवार की सुबह घर के परछी में खेल रहा था जबकि मां राजकुमारी काम कर रही थी। इसी दौरान धान बोरी के समीप चूहा द्वारा किए गए बिल से एक जहरीला सांप निकला और खेल रहे बच्चे को काट लिया। इधर बेटे की रोने की आवाज सुन मां पहुंची तो सांप को बिल में दाखिल होते देख उसके होश उड़ गए। राजकुमारी ने घटना की जानकारी परिजन को दी और बालक को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मासूम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज सुबह बालक की मौत हो गई। मृतक के पिता राज पाल ने बताया कि संभवतः बालक खेलने के दौरान सांप को पकड़ लिया जिससे सांप ने काट लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123